दिनांक: 04.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

राज्य के उपचुनाव वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में आज से पात्र दिव्यांगजन मतदाता और 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग शुरू हो गई है। ये प्रक्रिया 10 नवम्बर तक जारी रहेगी। इस सुविधा के लिए 3 हजार से ज्यादा पात्र मतदाताओं ने आवेदन किया है। इनमें 2 हजार 365 बुजुर्ग और 828 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन विभाग की ओर से होम वोटिंग के लिए कुल 87 टीम बनाई गई हैं। पहले चरण में आठ नवम्बर तक वोट डाले जा सकेंगे। इस दौरान मतदान से वंचित पात्र मतदाता नौ और दस नवम्बर को होम वोटिंग से मतदान कर सकेंगे।

झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में नयासर निवासी 100 वर्षीय बुजूर्ग महिला राबिया बानो ने आज अपने मत का प्रयोग किया। इस क्षेत्र से 585 पात्र मतदाताओं ने इस सुविधा के तहत पंजीकरण करवाया है। उधर, डूंगरपुर के चौरासी में आज 85 साल की बुजुर्ग महिला धापू ने सबसे पहले मतदान किया। यहां पर 319 बुजुर्ग ओर दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के लिए पंजीकरण करवाया है।

रामगढ़, दौसा, देवली–उनियारा, झुंझुनूं, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में 30 अक्टूबर को सैनिकों को मतपत्र जारी होने के साथ ही मतदान की औपचारिक शुरूआत हो गई थी। ये मतपत्र 23 नवम्बर को मतगणना शुरू होने से पहले तक स्वीकार किए जाएंगे।

इन क्षेत्रों में 13 नवम्बर को ईवीएम के जरिए वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती 23 नवम्बर को की जाएगी।

000

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि देश में अब तक 90 गीगावाट सौर क्षमता हासिल की गई है। आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के सातवें सत्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने कहा कि वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 37 दशमलव 5 गीगावाट की नवीकरणीय क्षमता वाले 50 सौर पार्कों को मंजूरी दी है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का सम्मेलन भारत की अध्यक्षता और फ्रांस की सह–अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में सदस्य देशों के सीमित ऊर्जा वाले क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के तरीकों के बारे में चर्चा की जाएगी।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज से चार देशों की यात्रा पर रहेंगे। श्री देवनानी आज आस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो रहे हैं। वे ऑस्ट्रेलिया में कल से आठ नवम्बर तक होने वाले राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67वें सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के पोस्ट कॉन्फ्रेन्स स्टडी ट्यूर के तहत इण्डोनेशिया, सिंगापुर और जापान भी जाएंगे। यात्रा के दौरान श्री देवनानी इन देशों में भारत के राजदूतों से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा श्री देवनानी इन जगहों के विधायी निकायों का अवलोकन करेंगे और संसदीय प्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श करेंगे।

श्री देवनानी राष्ट्रमंडल ससदीय संघ के भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति के सदस्य हैं।

000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत विभिन्न जिलों में आयोजित किये जा रहे इन्वेस्टर मीट के तहत आज जोधपुर में कई एमओयू किये जाएंगे। केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत तथा विधि और न्याय मंत्री जोगाराम पटेल इस दौरान मौजूद रहेंगे। इस समिट में होने वाले एमओयू से 57 हजार नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। मीट के दौरान 289 निवेशकों से एमओयू किया जाएगा। इससे जिले में 17 हजार 350 करोड़ रुपये का निवेश होने की उम्मीद है।

000

सीकर के खाटूश्याम मंदिर के पट सात नवम्बर को बंद रहेंगे। विशेष सेवा पूजा और तिलक श्रृंगार के चलते भक्त भगवान के दर्शन नहीं कर सकेंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष कालू सिंह चौहान ने बताया कि छह नवम्बर को रात 10 बजे से सात नवम्बर को शाम पांच बजे तक ये पट दर्शनार्थियों के लिए बंद रहेंगे।

000